## खबर संक्षेप

### भरहुत नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फ्री-होल्ड मुद्दा: संघर्ष समिति ने डिप्टी कमिश्नर को सौंपा मांग पत्र

**सतना।** भरहुत नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के फ्री-होल्ड मामले को लेकर संघर्ष समिति ने डिप्टी कमिश्नर दिलीप बाथम,कार्यपालन यंत्री (ईई) और संपदा अधिकारी के साथ बैठक कर अपना जवाब व मांग पत्र सौंपा है। ईई ने रहवासियों से कहा कि पैनिक होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन उपलब्ध हैं,हालांकि उन्होंने निराकरण की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बताई। वहीं,उपायुक्त ने जानकारी दी कि लैंड रिकॉर्ड कलेक्टर को सौंप दिया गया है और भोपाल आयुक्त के पत्र के बाद गठित होने वाली समिति की अनुशंसा से ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

### चाकू से हत्या के प्रयास का आरोपी 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार




**मैहर।** थाना ताला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आनंदगढ़ में मोटरसाइकिल स्टार्ट करने को लेकर हुए विवाद में नागेन्द्र यादव पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। घटना 4 अक्टूबर की शाम आरोपी अर्जुन यादव ने मोटरसाइकिल स्टार्ट करने से मना करने पर नागेन्द्र यादव के पेट,गर्दन और बाएं हाथ की कोहनी पर चाकू से वार कर दिया था और घायल को एसजीएमएच रीवा रेफर किया गया था।थाना ताला में धारा109(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी अर्जुन यादव (56) को ग्राम ललितपुर नं.01 से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक लोहे का चाकू,एक होंडा सीडी 110 मोटरसाइकिल (क्र.MP19 MQ 9263) और आरोपी की रक्तरंजित शर्ट बरामद की गई है। आरोपी को विशेष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# लाइनमैन 30 फीट ऊंचाई से नीचे गिरा, जिला अस्पताल में भर्ती; विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**सतना।** नगर निगम बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल देने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। वार्ड नंबर 22 स्थित सामुदायिक भवन के पास फॉल्ट सुधारने के दौरान चालू लाइन पर काम कर रहे एक लाइनमैन 30 फीट की ऊंचाई से डोलची (पोल पर चढ़ने का साधन) सहित नीचे जमीन पर आ गिरे। इस भीषण हादसे में लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज जारी है।



### क्या है पूरा मामला?

यह दर्दनाक घटना सोमवार दोपहर करीब 3 बजे की है। स्थानीय लाइनमैन धर्मेंद्र पांडे वार्ड नंबर 22 में बिजली का फॉल्ट सुधारने के लिए पोल पर चढ़े थे। अचानक चालू लाइन पर काम करने के दौरान डोलची टूटकर नीचे आ गिरी,जिससे लाइनमैन दूर जाकर जा गिरे। इस भयंकर हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### सुरक्षा उपकरणों और सुविधाओं का अभाव

घटना के बाद स्थानीय कर्मचारियों और साथियों ने विभाग की कार्यशैली पर गंभीर आक्रोश व्यक्त किया है। उनका आरोप है कि जान जोखिम में डालकर चालू लाइनों पर काम करने वाले इन लाइनमैनों को न्यूनतम या कुशल श्रमिकों से भी कम मात्र 10,000 रुपये महीने वेतन दिया जाता है। विभाग की ओर से कर्मचारियों का न तो कोई जीवन बीमा कराया गया है और न ही किसी प्रकार का मेडिकल बीमा या पीएफ जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जाती हैं।

### जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना

हादसे के बाद विभाग की तरफ से घायल कर्मचारी के इलाज के लिए न तो कोई आर्थिक सहायता दी गई है और न ही बीमा का कोई लाभ मिल रहा है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में विभाग कोई जवाबदेही नहीं लेता है।

### प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल

जान जोखिम में डालकर शहर की बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने वाले कर्मचारियों के साथ इस तरह का बर्ताव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान लगाती है। घायल लाइनमैन अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं,जबकि विभागीय स्तर पर अभी तक कोई सुध नहीं ली गई है। क्षेत्र के कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व इलाज का पूरा खर्च दिलाने की मांग की है।

## वन विभाग की अमानवीयता: मझगवां में नर्सरी में काम कर रहे नाबालिग मजदूर को सांप ने काटा, अस्पताल में छोड़कर भागे डिप्टी रेंजर



**सतना।** जिले के मझगवां अंतर्गत बरौंधा थाना क्षेत्र के बटवा ग्राम पंचायत स्थित वन विभाग की नर्सरी में एक दिल दहला देने वाली और विभाग की संवेदनहीनता को उजागर करने वाली घटना सामने आई है। यहां काम कर रहे एक 15 वर्षीय आदिवासी नाबालिग मजदूर को जहरीले सांप ने डस लिया। आरोप है कि मौके पर मौजूद डिप्टी रेंजर मिश्रा ने उसे अस्पताल तो पहुँचाया,लेकिन इसके तुरंत बाद वह अस्पताल से रफू चक्कर हो गए।

### उम्र छुपाने का गंभीर आरोप

पीड़ित मजदूर की पहचान देशराज खैरवार (उम्र 15 वर्ष) के रूप में हुई है। हालांकि,अस्पताल के मेडिकल पर्चे में उसकी उम्र 18 वर्ष दर्ज किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित के बड़े भाई पप्पू ने आरोप लगाया है कि विभाग और अस्पताल के कागजों में हेरफेर कर नाबालिग मजदूर से अवैध रूप से काम कराने के मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

### हालत बिगड़ने पर सतना रेफर

सांप के जहर और काटने वाली जगह पर तेज दर्द के कारण देशराज की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति होने के बावजूद वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी सुधि लेने तक नहीं पहुँचा।

### ग्रामीणों में भारी आक्रोश

घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों और परिजनों में वन विभाग के अधिकारियों के प्रति भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि मजदूर बालिक भी होता,तो भी संकट के समय इस तरह गरीब आदिवासी मजदूर को अकेला छोड़कर भागना विभाग की संवेदनहीनता और अमानवीय चेहरे को साफ दर्शाता है। इसे लोग वन विभाग का 'जंगलराज' बता रहे हैं।

## सतना में डालमिया सीमेंट की लीज के खिलाफ किसानों का उग्र प्रदर्शन, सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन





**सतना।** नागौद विकासखंड के विभिन्न गांवों में प्रस्तावित डालमिया सीमेंट की लाइम स्टोन लीज के विरोध में किसानों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा है। मंगलवार को प्रभावित क्षेत्रों के हजारों किसानों ने विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर शासन-प्रशासन के खिलाफ अपनी जोरदार नाराजगी दर्ज कराई। किसानों ने दो टूक शब्दों में कहा कि उनकी उपजाऊ जमीनें किसी भी कीमत पर सीमेंट प्लांट या खनन परियोजना के लिए नहीं दी जाएंगी। रैली में वसुधा, रजरवारा, महकोना, सप्ती, नौबस्ता,कोलाड, हिलौंधा,डाम्हा और छींदा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। मंगलवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर मौहरी टोल प्लाजा के पास एकत्र हुए,जहां से वे कतारबद्ध होकर सतना के लिए रवाना हुए। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भी शिरकत की।

### आजीविका के संकट पर चिंता

किसान नेताओं का कहना है कि प्रस्तावित लाइम स्टोन लीज से क्षेत्र की उपजाऊ कृषि भूमि पूरी तरह तबाह हो जाएगी। इन गांवों के अधिकांश परिवार अपनी खेती पर ही निर्भर हैं। उपजाऊ जमीन ही उनकी आजीविका का एकमात्र और प्रमुख आधार है। किसानों ने आशंका जताई कि यदि जमीन उद्योगों के हवाले कर दी गई,तो उनके सामने भीषण बेरोजगारी और भविष्य का अस्तित्वहीन संकट खड़ा हो जाएगा।

### प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

सतना पहुंचने के बाद किसान प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को एक कड़ा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की कि प्रस्तावित लाइम स्टोन लीज की पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। क्षेत्र की कृषि भूमि को किसी भी औद्योगिक या खनन गतिविधि के लिए अधिग्रहित न किया जाए। प्रभावित गांवों के किसानों की सहमति और उनकी आपत्तियों को प्राथमिकता से सुना जाए। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों की बातें गंभीरता से सुनने का आश्वासन दिया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक विचार नहीं किया गया,तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

### बंद था आवागवन,धवारी चौराहे का ट्रैफिक सिग्नल भी किया गया था ठप

प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी किस सड़क पर ही बैठ गए थे। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के सामने सड़क पर दोनों तरफ किसानों के धरने पर बैठ जाने के कारण आवागमन ठप हो गया था। यहां का ट्रैफिक को डाइवर्ट कर दिया गया था।कोतवाली की तरफ जाने वाले वाहनों को प्रेम नगर और रेलवे कॉलोनी से घूम कर जाना पड़ा,जबकि कोतवाली से धवारी की ओर आने वाले लोगों को प्रेम नगर और रेलवे कॉलोनी से होकर राजेंद्र नगर से गुजरना पड़ा। इस दौरान धवारी मोड़ के ट्रैफिक सिग्नल को भी बंद कर दिया गया था।

## गौरव दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**मैहर।** मैहर गौरव दिवस 2026 के अवसर पर सोमवार को मैहर के खेल मैदान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ,स्कूली छात्र-छात्राओं और नन्हे प्रतिभागियों ने लोक संस्कृति, शास्त्रीय नृत्य,संगीत एवं विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। देर रात तक चले कार्यक्रम में तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद गणेश सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी,गणमान्य नागरिक एवं शहरवासी मौजूद रहे।

### लोक और शास्त्रीय नृत्यों ने मोहा मन

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लोक एवं शास्त्रीय नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। शासकीय सांदीपनि विद्यालय मैहर की ओर से सरस्वती वंदना एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं स्वामी नीलकंठ विद्यापीठ जीतनगर के विद्यार्थियों ने कजरी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्मारक नवदीप विद्यालय के विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य,नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास ने छत्तीसगढ़ी नृत्य तथा शासकीय सांदीपनि विद्यालय अमरपाटन के विद्यार्थियों ने मरवाड़ी लोक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मैहर के विद्यार्थियों ने भी अपनी नृत्य प्रस्तुति से समां बांध दिया।

### डॉ. विनोद मिश्रा की टीम ने दी शानदार कथक प्रस्तुति

विशेष आमंत्रित कलाकार डॉ.विनोद मिश्रा एवं उनकी टीम ने शास्त्रीय एवं सुगम संगीत की प्रस्तुति दी। वहीं मां शारदा के भजनों और शिव स्तुति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग से सराबोर कर दिया। श्रीमती मालती श्याम के निर्देशन में बादल बैरिहा,सीमा श्रीवास्तव एवं साथी कलाकारों ने करीब 60 मिनट की कथक प्रस्तुति दी। भाव-भंगिमाओं,ताल और लय के अद्भुत समन्वय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### नन्हे बच्चों का फैशन शो भी रहा आकर्षण

मैहर गौरव दिवस समारोह में 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विशेष फैशन शो आयोजित किया गया। नन्हे प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों को दर्शकों ने जमकर सराहा। इस आयोजन ने मैहर की कला,संस्कृति,लोक परंपरा और युवा प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान किया। विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों की लोक-संस्कृति की झलक ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया।

# बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की जयंती पर गूंजे मैहर की संगीत साधना के स्वर

**मैहर। संगीत मनीषी एवं पद्मविभूषण उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को उनकी मजार पर जिला प्रशासन के निर्देशन में श्रद्धा एवं संगीत साधना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहब की मजार पर श्रद्धापूर्वक चादर चढ़ाई गई तथा फातिहा अदा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**





इसके पश्चात बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की महान संगीत परंपरा को समर्पित नलतरंग वादन की शानदार प्रस्तुति हुई,जिसने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब द्वारा स्थापित एवं निर्मित मैहर बैंड की संगीत परंपरा को भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार लालमणि सतनामी,आरआई लालमन,साकेत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं संगीतप्रेमी उपस्थित रहे। नलतरंग वादक सौरव चौरसिया के साथ उत्तम पांडेय,अशोक बड़ौलिया,श्रीराम सुमन चौरसिया, गौतम भारती, ब्रजेश द्विवेदी,मोहम्मद अहमद खाँ, शशांक श्रीवास्तव, आनंद वर्मा, आनंद श्रीवास्तव, जितेश जैन,जयंत जैन एवं नसीब खान, अजय नामदेव, ब्रिजेश पांडे अधिवक्ता, मनीष मालवीय, इलाहाबाद मनोज कुशवाहा सतना की सहभागिता रही।

## सतना सेंट्रल जेल से आजीवन कारावास का कैदी फरार, गौशाला ड्यूटी के दौरान दिया चकमा



**सतना।** केंद्रीय जेल सतना में पिछले 13 साल से हत्या के मामले में सजा काट रहा 52 वर्षीय कैदी अच्छेलाल प्रजापति (निवासी पडक्का,अमरपाटन) दोपहर 11 से 12 बजे के बीच गौशाला कमान से फरार हो गया। जेल अधीक्षक लीना कोस्टा ने बताया कि बंदी शौच के बहाने मंदिर के पास बने शौचालय गया था और वापस नहीं लौटा। हैरानी की बात यह है कि वह पहले भी 15 बार छुट्टी पर जा चुका है। पुलिस ने कोलगवां थाने में एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## वोट चोरी के आरोपों और सीईसी को हटाने की मांग को लेकर मैहर में इंडिया गठबंधन का विशाल प्रदर्शन 8 अक्टूबर को

**मैहर।** देश में लोकतंत्र की मजबूती और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,मैहर द्वारा 8अक्टूबर को एक बड़ा आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।इस दौरान आमसभा,धरना-प्रदर्शन और एक विशाल पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस संयुक्त प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य वोट चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराना और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाना है। इंडिया गठबंधन की सभी घटक पार्टियों का आरोप है कि चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र जांच आवश्यक है।प्रारंभ रेस्ट हाउस के सामने,प्रथम पड़ावः घंटाघर,काली माता मंदिर,स्टेट बैंक चौराहा,घंटाघर में पदयात्रा का समापन होगा। 8 अक्टूबर समयः सुबह 11:00 बजे से,रेस्ट हाउस के पास,घंटाघर चौक,मैहर,आयोजकः जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,मैहर जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आम जनता,कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## पुलिस का कड़ा एक्शनः कारोबारी को गोली मारने वाले बदमाश गिरफ्तार, निकाला गया जुलूस

**सतना।** शहर में अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए एक बार फिर पुलिस का डंडा चला है। सिटी कोतवाली पुलिस ने भुजवाँ मोहल्ला में एक कारोबारी को गोली मारने वाले मुख्य बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालकर उनकी जमकर खबर ली और कड़ा संदेश दिया है।



# बागेश्वर धाम सरकार की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा का अमानगंज में होगा भव्य स्वागत, पूज्य गुरुदेव देंगे आशीर्वचन

**अमानगंज।** सनातन धर्म की एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर निकल रही बागेश्वर धाम सरकार, पूज्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की श्सनातन हिंदू एकता रथयात्राश आगामी 12 अक्टूबर को अमानगंज की पावन धरा पर प्रवेश करेगी। यह यात्रा 11 अक्टूबर को बागेश्वर धाम से प्रारंभ होकर अजयगढ़ एवं पन्ना होते हुए 12 अक्टूबर को सुबह 9 बजे नगर अमानगंज पहुंचेगी।

नगर आगमन पर अमानगंज के स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा, जहाँ पूज्य गुरुदेव अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को दिव्य आशीर्वचन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर नगरवासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। आज, दिनांक 6 अक्टूबर 2026 को श्बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडल, अमानगंजश द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में





कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी कुम्मी लखेरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष सौरभ दुबे, अरुण (शीलू) तिवारी, टिंकू दुबे, निखिल राजपूत, सुनील दुबे, दीपक दुबे, सूर्यमणि द्विवेदी, रोहित तिवारी, प्रहलाद तिवारी एवं अभिषेक दुबे सहित शिष्य मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। शिष्य मंडल ने समस्त नगरवासियों, क्षेत्रवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से विनम्र अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पूज्य गुरुदेव के पावन संकल्पों को शक्ति प्रदान करें तथा इस ऐतिहासिक रथयात्रा एवं कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाएं।

## खबर संक्षेप

### शारदीय नवरात्रि व दशहरा पर्व को लेकर आजीविका भवन पवई में शांति समिति की बैठक संपन्न



**पवई।** आगामी शारदीय नवरात्रि दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सुश्री समीक्षा जैन की अध्यक्षता में आजीविका भवन पवई में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी दुर्गा पंडालों में अग्निशमन यंत्र का होना,डीजे की अनुमति,गरबा पंडालों में महिलाओं की सुरक्षा के इंतजाम बिजली व्यवस्था के लिए एमपीईबी और साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर परिषद की रहेगी,किसी भी नई प्रतिमा स्थापना के साथ सभी समितियों को प्रशासन की अनुमति लेना,दुर्गा प्रतिमाओं का क्रम,चल जुलूस के साथ ही विसर्जन स्थल को लेकर भी विचार एवं सुझावों का आदान प्रदान किया गया। साथ ही माँ कलेही मंदिर की भी व्यवस्था ओ की चर्चा की गई ,इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया एसडीओपी सुश्री शिवा पाठक, तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय,थाना प्रभारी सुशील अहिरवार सहित खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, पत्रकार गण,दुर्गा उत्सव एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से घर और फसल हो रही प्रभावित, पुलिया निर्माण की मांग

**देवेन्द्रनगर।** नगर के वार्ड क्रमांक 10, संस्कृत कॉलेज के पास रहने वाले ध्रुव कुशवाहा पिता नकुल कुशवाहा ने वर्षा जल की समुचित निकासी के लिए पुलिया निर्माण कराने की मांग को लेकर 6 अक्टूबर 2026 को जिला कलेक्टर पन्ना की जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में ध्रुव कुशवाहा ने बताया कि उनके निवास स्थान एवं खेत में बारिश का पानी एकत्रित होकर घर और फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। जल निकासी के लिए जो रास्ता बना हुआ है, वह काफी छोटा है, जिसके कारण पर्याप्त मात्रा में पानी बाहर नहीं निकल पाता। बारिश के दौरान पानी घर और खेत में भर जाने से परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा फसल भी प्रभावित हो रही है। आवेदक के अनुसार संस्कृत कॉलेज के निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी के लिए लगा पुराना पाइप टूट गया, जिसके बाद से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। समस्या के समाधान के लिए उनके द्वारा पूर्व में नगर परिषद एवं तहसील कार्यालय देवेन्द्रनगर में भी आवेदन दिया गया था। आवेदक ने बताया कि संबंधित स्तर पर पाइप डाला गया, लेकिन वह पाइप बहुत छोटा होने के साथ-साथ सड़क के ऊपर पड़ा हुआ है। इसके चलते बारिश का पानी पाइप के माध्यम से उचित तरीके से बाहर नहीं निकल पा रहा है और समस्या जस की तस बनी हुई है। ध्रुव कुशवाहा ने कलेक्टर को दिए आवेदन में मांग की है कि मौके की स्थिति का निरीक्षण कराकर वर्षा जल की स्थायी निकासी के लिए आवश्यक पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि घर एवं खेत में पानी भरने की समस्या से निजात मिल सके और भविष्य में होने वाले नुकसान को रोका जा सके। कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), देवेन्द्रनगर को भेजा गया है। अब आवेदक को उम्मीद है कि संबंधित विभाग द्वारा स्थल निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान कराया जाएगा।

### श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर की यात्रा के दृष्टिगत कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**पन्ना।** श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की पन्ना जिले में सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा के लिए कलेक्टर ऊषा परमार ने अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। यह यात्रा जिले में 11 एवं 12 अक्टूबर को प्रस्तावित है। इसमें लगभग 200 से अधिक वाहनों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा प्रतिदिन यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण भी शामिल होंगे। साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से संतगण, गणमान्य एवं विशिष्ट अतिथिगण व विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं। जिला कलेक्टर द्वारा यात्रा के सुचारू व सुरक्षित संचालन, यात्रा मार्ग व यातायात व्यवस्था, रात्रि विश्राम स्थल पर जरूरी व्यवस्थाएं तथा दिन के समय अल्प विश्राम के लिए उपयुक्त व समुचित सुरक्षा व्यवस्था आदि के दृष्टिगत अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री प्रथम दिवस रविवार को अजयगढ़ से होते हुए ग्राम दहलान चौकी रानीपुर बायपास में प्रवेश करेंगे।



# सड़क दुर्घटना में दिवंगत कक्षा पांचवीं के छात्र गोविंद कुशवाहा को विद्यालय में दी श्रद्धांजलि

**अमानगंज।**

ज्ञात हो कि रविवार, 4 अक्टूबर को पन्ना से अमानगंज लौटते समय द्वारी में हुए सड़क दुर्घटना में 10 वर्षीय गोविंद कुशवाहा पिता परशुराम कुशवाहा, निवासी वार्ड क्रमांक 5, अमानगंज का निधन हो गया था। गोविंद कुशवाहा रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अमानगंज में कक्षा पांचवीं के छात्र थे। दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा शोक सभा एवं राम नाम संकीर्तन के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने दिवंगत गोविंद कुशवाहा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस गहन एवं अपूरणीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवा की ज्योति से जन-जन तक पहुंचेगा राष्ट्रसेवा का संदेश- बृजेंद्र प्रताप सिंह

### 7 अक्टूबर को पन्ना में भव्य 'सेवा ज्योति यात्रा', प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का होगा लाइव प्रसारण

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 7 अक्टूबर को पन्ना में भव्य 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जिलेवासियों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी नागरिकों से इसमें सहभागी बनने की अपील की है। बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 7 अक्टूबर 2026, बुधवार को प्रातः 9 बजे सब्जी मंडी ग्राउंड, छत्रसाल पार्क के सामने, पन्ना में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रातः 9रू30 बजे लाइव प्रसारण भी किया जाएगा, जिसे पन्ना में उपस्थित नागरिक सामूहिक रूप से देख और सुन सकेंगे।

### 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहा सेवा संकल्प अभियान

बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को जनता के बीच पहुंचाने के साथ ही 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान देशभर में विभिन्न सेवा कार्य, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां, रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनजागरूकता कार्यक्रम और अन्य जनसेवा से जुड़े आयोजन किए जा रहे हैं।



### 25 वर्षों की सेवा यात्रा को समर्पित अभियान

बृजेंद्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक जीवन की यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय तक कार्य किया और 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने। वर्ष 2019 में दूसरी बार तथा वर्ष 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व संभाला। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने का अवसर है। इसी महत्वपूर्ण पड़ाव को सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के रूप में देशभर में मनाया जा रहा है।

### पन्ना में भी दिखेगी जनभागीदारी

बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी इसी क्रम में आयोजित किया जा रहा है, ताकि पन्ना के नागरिक भी देशव्यापी कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकें। उन्होंने पन्ना जिले के नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण की इस भावना को मजबूत करने के लिए सभी लोग सपरिवार कार्यक्रम में शामिल हों। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े राष्ट्रीय संकल्प की शक्ति जनभागीदारी से बढ़ती है और सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जिले के सभी नागरिकों से इस भव्य आयोजन में सपरिवार शामिल होकर 'सेवा संकल्प अभियान' को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आग्रह किया है।

# जीवन बीमा, एजेंसी कैरियर की जागरूकता के लिए बैठक आयोजित





**पन्ना।** विगत दिवस 05 अक्टूबर को ग्राम फुलवारी ग्राम गुखौर जिला पन्ना में. रवींद्र कुमार शुक्ला, सेवा निवृत्त सीनियर डिविजनल मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम, नेशनल इसुरेंस अकादमी (छप।) पुणे द्वारा नियुक्त, इन्सुरेंस लिटरेसी काउन्सलर मुख्यवक्ता की उपस्थिति में ग्रामीण जनों में जीवनबीमा, एजेंसी कैरियर की जागरुकता के लिए बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में ग्राम पंचायत फुलवारी की सरपंच श्रीमती कीर्ती बागरी, ग्राम पंचायत गुखौर के सरपंच श्री मौजी लाल बर्मा, पूर्व सरपंच ग्रामपंचायत सिलगी श्री आनंद शुक्ला, अमर सिंह विकास अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम पन्ना, उमेश ( मुन्नू) तिवारी, कामता यादव, प्रदीप सेन, तुलसीदास उर्मलिया, पुष्पेंद्र चौरिहा, सहित दोनों गाँव के गणमान्य नागरिको, महिलाओं, युवकों की उपस्थिति रही। इस बैठक में मुख्य वक्ता श्री रवींद्र कुमार शुक्ला सेवानिवृत्त बरिष्ठ मंडल प्रवन्धक द्वारा गांववासियों को जीवन बीमा के प्रति जागरूक करने के साथ, भारत सरकार की चल रही बीमा योजनाओं/सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी, परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए स्प्ब की विभिन्न जीवन बीमा योजनाओं की जानकारी के साथ, आज के सन्धर्व में जीवन बीमा की उपयोगिता पर विशेष जोर दिया, विकास अधिकारी अमर सिंह जी द्वारा स्प्ब में रोजगार की संभावनाओं के साथ स्प्ब एजेंसी, रूरल कॅरियर एजेंट/बीमा सखी एजेंट की जानकारी के साथ, जीवन बीमा एजेंसी का कार्य करने के लिए प्रेरित किया। गाँव के निवासियों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम भाग लिया, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व सरपंच सिलगी श्री आनंद शुक्ला ने दोनों गाँव के सरपंचों, सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# अमानगंज-गुनौर जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेस का ऐलान, 9 अक्टूबर को होगा विशाल जन आंदोलन

### सड़क की बदहाली से परेशान जनता, नगर कांग्रेस ने आंदोलन की बनाई रणनीति अमानगंज गुनौर सड़क पर व्यापारियों से दो घंटे दुकानें बंद रखने की अपील

**अमानगंज।** अमानगंज से गुनौर को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। लंबे समय से खराब सड़क से परेशान क्षेत्रवासियों की समस्या को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी अमानगंज ने सड़क निर्माण एवं सुधार की मांग को लेकर जन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वसीम खान ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी कर आंदोलन का ऐलान किया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान ने कहा कि अमानगंज-गुनौर मार्ग क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण सड़क है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाने से समस्या गंभीर हो गई है। अमानगंजदूगुनौर मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्यार्थी, कर्मचारी, व्यापारी और अन्य लोग आवागमन करते हैं। सड़क खराब होने के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अधिक समय लग रहा है। वाहनों में टूट-फूट और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। वहीं सड़क किनारे व्यापार करने वाले दुकानदारों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति का असर उनके कारोबार पर भी पड़ रहा है। वाहनों के गुजरने पर धूल और गड्ढों के कारण आसपास का वातावरण प्रभावित होता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क की समस्या केवल आवागमन की समस्या नहीं, बल्कि यह आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है। अमानगंजदूगुनौर मार्ग की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार आवाज उठाई जा रही है। मीडिया के माध्यम से भी सड़क की बदहाली को कई बार प्रमुखता से सामने लाया गया है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान ने कहा कि जब सड़क की समस्या लगातार सामने आ रही है और आम जनता परेशान है, तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग को इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की इस समस्या को लेकर चुप नहीं बैठेगी और सड़क के मुद्दे को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### साढ़े तीन करोड़ का छात्रावास का भवन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट घटिया मटेरियल का हो रहा उपयोग



**पन्ना।** पन्ना जिले में लगातार विभिन्न विभागों में निर्माण तथा विकास कार्यों में भ्रष्टाचार हो रहा है जिसका मुख्य कारण है जिन अधिकारियों को निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है वही अधिकारी ठेकेदार से मिलकर भ्रष्टाचार में शामिल हो जाते हैं जबकि संबंधित भवन में बच्चे रहते हैं इसका भी ध्यान नहीं रखा जाता इसी प्रकार का मामला पन्ना जिला मुख्यालय में आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रों के लिए रहने के लिए छात्रावास भवन का निर्माण पुराना पन्ना आरटीओ ऑफिस के पीछे किया जा रहा है जिसकी लागत 3 करोड़ 47 लाख है तथा उक्त भवन का निर्माण ठेकेदार सनी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है एवं निगरानी की जिम्मेदारी पुलिस हाउसिंग बोर्ड भोपाल को दी गई है भवन का निर्माण बिना पिलर खोदे किया जा रहा है तथा घटिया बालू एवं गिट्टी डाली जा रही है सीमेंट की भी क्वालिटी बहुत अच्छी नहीं है जिसके संबंध में एजेंसी के अधिकारियों से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि जहां पर निर्माण किया जा रहा है वहां पर पत्थर अधिक है इसलिए दूसरे तरीका से बिना पिलर खोदे निर्माण किया जा रहा है।

**इनका कहना है -**

संबंधित छात्रावास का निर्माण पुराना पन्ना में किया जा रहा है यहां पर निर्माण हो रहा है वहां पत्थर अधिक है इसलिए पिलर खोदना संभव नहीं है नई पद्धति से निर्माण बिना पिलर खोदे कराया जारहा है निर्माण की गुणवत्ता अच्छी रहेगी मैं स्वयं जाकर मटेरियल देखूंगा।

आनंद पाठक एसडीओ पुलिस हाउसिंग बोर्ड भोपाल कैंप पन्ना

# स्वास्थ्य विभाग में भर्ती किए गए चार सैकड़ा से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों का भारी शोषण एजेंसी द्वारा दी जा रही आधी राशि भर्ती के नाम पर करोड़ों की वसूली, कई वर्षों से चल रहा खेल

**पन्ना।** स्वास्थ्य विभाग पन्ना में जिला चिकित्सालय तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से लगभग चार सो से अधिक कर्मचारी भर्ती किए गए। उसके पश्चात उन्हें निर्धारित मानदेय से आधी राशि भुगतान की जा रही है यह फर्जीवाड़ा विगत कई वर्षों से चल रहा है डंके की चोट पर आउटसोर्स एजेंसी यह खेल खेल रही है जिसमें स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल हैं नियमित कर्मचारी तथा कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अनेकों बार उक्त मामले को लेकर शिकायत भी की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही पूर्व में उक्त आउटसोर्स एजेंसी का नाम कमठेंन आउटसोर्स एजेंसी था लेकिन लगातार फर्जी वाडा करने के कारण उच्च निर्देश के पश्चात




आउटसोर्स एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया। इसके पश्चात आउटसोर्स एजेंसी के चतुर चालाक संचालक पंकज मिश्रा ने एजेंसी का नाम बदलकर वर्ष 2024 में उक्त एजेंसी का नाम स्काई बुल रख दिया गया एजेंसी का नाम बदलते ही एजेंसी संचालक ने पूर्व से काम कर रहे आधे कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया तथा सीएमओ बीएमओ से सांठ गांठ करके नए कर्मचारी यो से तीस तीस हज़ार की राशि जमा कर नए बेरोजगारों की भर्ती कर ली गई। तथा पुराने कर्मचारियों को हटा दिया गया उक्त भर्ती में करोड़ों रुपए की वसूली की गई। अनेक बेरोजगारों से तो पैसे भी दलालों के माध्यम से जमा कर लिए गए लेकिन अभी तक नौकरी भी नहीं मिली है। काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को कलेक्टर रेट के अनुसार पंद्रह हजार से अधिक का मानदेय स्वीकृत है लेकिन उन्हें आधी राशि ही दी जा रही है आधी राशि ठेकेदार तथा विभाग के अधिकारी हड़प रहे हैं। शासन के नियम अनुसार सभी कर्मचारियों को पीएफ की राशि भी मिलनी चाहिए लेकिन पीएफ की राशि भी नहीं काटी जा रही है उक्त राशि में भी भारी गोलमाल किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से गर्भवती महिला की मौत, दो बच्चों के साथ पैदल जा रही थी महिला



**छतरपुर।** जिले के ईशानगर नगर में मंगलवार को जैन मंदिर के सामने दर्दनाक सड़क हादसे में गर्भवती महिला की मौत हो गई। सागर की ओर से बिजली विभाग के खंभों के तार लेकर अचट की ओर जा रही पिकअप वाहन क्रमांक एमपी15 जेडके 3708 ने पैदल जा रही महिला को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गहरवार निवासी रानी साहू (30), पति रामस्वरूप साहू की मौके पर ही मौत हो गई। महिला उस समय अपने दो बच्चों के साथ पैदल जा रही थी। टक्कर के दौरान गोद में मौजूद करीब दो वर्षीय बालक दूर जा गिरा, जिससे उसके सिर में चोट आई, जबकि साथ चल रही बालिका के सुरक्षित होने की जानकारी है। सूचना पर डायल-112 और ईशानगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पिकअप वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### थाने से शिकायत दर्ज न होने पर पीड़िता ने वरिष्ठ अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम दरगुआ निवासी एक महिला ने बड़ामलहरा थाना पुलिस पर शिकायत दर्ज नहीं करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में महिला ने आरोप लगाया कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उसकी सुनवाई नहीं की और उसे डांटकर थाने से भगा दिया। आवेदन के अनुसार, कुछ लोग कथित रूप से महिला के घर में घुस आए और पत्थरबाजी करने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान मंटू के हाथ में कुल्हाड़ी, जगजीवन दुबे के पास कट्टा तथा रामचरण दुबे और बब्लू दुबे के हाथ में लाठी थी। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी दावा आवेदन में किया गया है। पीड़िता ने वरिष्ठ अधिकारियों से बड़ामलहरा थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने तथा मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पर जयकुंवर, राहुल राजा, पुष्पेंद्र राजा, देवेंद्र राजा सहित अन्य के नाम और हस्ताक्षर बताए गए हैं। ये आरोप आवेदन में लगाए गए हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

### रात्रि गश्त के दौरान जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश,

**छतरपुर।** थाना गढ़ीमलहरा पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान कस्बे के वार्ड क्रमांक 5 स्थित खेत में चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से जुआरियों और फड़ से कुल ?30,200 नगद राशि बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में रामेश्वर शिवहरे, जितू बेलदार, रवि चौरसिया, मोहित श्रीवास, कपिल चौरसिया, नासिर खां और इन्द्रजीत उर्फ कटु चौरसिया शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान आरोपी जुआ खेलते हुए पकड़े गए। सभी के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# कानून व्यवस्था सुधारने पुलिस बल बढ़ाने की मांग, कांग्रेस ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

**नौगांव।** शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर के नाम एसडीओपी नौगांव को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने शहर की बढ़ती आबादी और क्षेत्रफल के अनुपात में वर्तमान पुलिस बल को अपर्याप्त बताते हुए थानों एवं पुलिस चौकियों में अतिरिक्त बल तैनात करने की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले कुछ समय से शहर में चोरी, झपटमारी, छेड़छाड़ सहित अन्य आपराधिक घटनाओं के कारण लोगों में चिंता का माहौल है। पुलिस बल की कमी के कारण नियमित गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस ने मंदिर में पूजा करने गई महिला के गले से मंगलसूत्र छीनने, स्टेडियम के पीछे महिला से मोबाइल छीनने के प्रयास और युवती से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए पुलिस व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।
ज्ञापन में रात के समय एक व्यवसायी की दुकान के दोनों शटर जेसीबी से तोड़े जाने की घटना का भी उल्लेख किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि इस मामले में आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

### सहायता केंद्रों पर भी पर्याप्त बल नहीं

कांग्रेस ने कहा कि नगर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस सहायता केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन वहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नहीं होने से इनका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता केंद्र पर भी नियमित रूप से पुलिस बल की मौजूदगी सुनिश्चित करने की मांग की गई।
कांग्रेस नेताओं ने शहर के बाहरी क्षेत्रों में रात के समय नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि संवेदनशील और सुनसान इलाकों में गश्त नहीं होने से चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से नौगांव में पुलिस बल बढ़ाने, प्रमुख स्थानों पर नियमित गश्त कराने और सहायता केंद्रों पर पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्वेश तिवारी, संजय अग्निहोत्री, नरेंद्र शर्मा, प्रवीण



रावत, विनोद विश्वकर्मा, मोनू मिश्रा, अमित बिछोले, शिवम यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### PDS गेहूं परिवहन में लापरवाही :

सड़क पर बिखरता रहा गरीबों का राशन, आधा किलोमीटर तक गेहूं फैला
लवकुशनगर जनपद पंचायत क्षेत्र में राशन दुकानों के लिए गेहूं लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से रास्ते में बोरियां गिर गईं। इससे करीब आधा किलोमीटर तक सड़क पर सरकारी गेहूं बिखर गया। गेहूं सड़क पर गिरने के बाद भी चालक ने वाहन रोकने की जहमत नहीं उठाई और आगे निकल गया। जानकारी के अनुसार लवकुशनगर स्थित **PDS** गोदाम से राशन दुकानों के लिए गेहूं की बोरियां ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर ले जाई जा रही थीं। बताया जा रहा है कि बोरियों को ट्रॉली में सुरक्षित तरीके से नहीं बांधा गया था। रास्ते में झटके लगने से कुछ बोरियां नीचे गिर गईं और उनमें भरा गेहूं सड़क पर फैलता चला गया।

### आवाज लगाते रहे लोग, फिर भी नहीं रुका चालक



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोरियां गिरने और गेहूं सड़क पर फैलने के बाद राहगीरों ने ट्रैक्टर चालक को रोकने के लिए आवाज लगाई, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका। वह पीछे सड़क पर बिखरे गेहूं और गिरी हुई बोरियों को छोड़कर आगे निकल गया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले वाहनों के पहियों के नीचे आने से काफी अनाज बर्बाद हो गया। सरकारी राशन के परिवहन में हुई इस लापरवाही ने खाद्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि **PDS** का अनाज परिवहन करने वाले वाहनों में बोरियों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जांच कौन करता है और रास्ते में अनाज बर्बाद होने की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी तय की जाती है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कराकर गेहूं के नुकसान का आकलन करने तथा लापरवाही बरतने वाले वाहन चालक और संबंधित परिवहन ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बस स्टैंड पर टीबी मरीज की मौत जेब से मिला निजी क्लीनिक का पर्चा

### आधार कार्ड से हुई पहचान, फतेहपुर का रहने वाला था 40 वर्षीय प्रभु दयाल; मौत की वजह स्पष्ट नहीं



**नौगांव।** शहर के बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान के प्रयास शुरू किए। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान प्रभु दयाल (40) पिता विष्णु दयाल, निवासी जिला फतेहपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक टीबी से पीड़ित था। पुलिस को मृतक के पास से मोबाइल फोन के साथ चेतना पॉली क्लीनिक का थैला और डॉक्टर चौहान का पर्चा भी मिला है। पुलिस ने पर्चे और अन्य सामान को जांच में लिया है। मोबाइल फोन के माध्यम से पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया। निजी क्लीनिक का पर्चा मिलने से उठे सवाल मृतक की जेब से निजी क्लीनिक का पर्चा मिलने के बाद टीबी अस्पताल के आसपास निजी क्लीनिकों से जुड़े कथित दलालों की सक्रियता को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टीबी अस्पताल के आसपास मरीजों को निजी क्लीनिकों की ओर ले जाने के लिए कथित रूप से कुछ लोग सक्रिय रहते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस संबंध में पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि प्रभु दयाल की मौत निजी क्लीनिक के पर्चे से संबंधित है या नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

## कलेक्टर ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ



**छतरपुर।** जिले में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 2026 के तहत मंगलवार को 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने के अभियान का शुभारंभ हुआ। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, छतरपुर में कलेक्टर मृणाल मीना ने स्कूली छात्रों को स्वयं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. गुप्ता, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित अन्य अधिकारियों ने भी छात्रों को एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन कराया।
कलेक्टर मृणाल मीना ने कहा कि बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए कृमिनाशक दवा का सेवन आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पात्र बच्चों को निर्धारित दिवस पर दवा अवश्य खिलाएं और राष्ट्रीय कृमिमुक्ति अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला-बाल विकास विभाग के समन्वय से जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों सहित अन्य लक्षित संस्थानों में बच्चों को आयु के अनुसार एल्बेंडाजोल की निर्धारित मात्रा दी जा रही है। स्कूल नहीं जाने वाले एवं गैर-पंजीकृत बच्चों को भी इस अभियान में नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र पर दवा खिलाई जा रही है। 6 अक्टूबर को दवा सेवन से छूटे हितग्राहियों के लिए 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसमें छूटे हुए बच्चों को भी कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। बताया गया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 200 मिलीग्राम तथा 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम एल्बेंडाजोल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दी जा रही है। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम राजेंद्र खरे, डॉ. आनंद चौरसिया जिला टीकाकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## पारंपरिक परिधानों में झलकेगी संस्कृति, 200 से अधिक महिलाएं एवं बच्चियां लेंगी भाग



**लवकुश नगर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर देशभर में गरबा महोत्सव की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे इस 9 दिवसीय लोक उत्सव के लिए भव्य गरबा पंडाल सज चुके हैं। इसी कड़ी में लवकुश नगर में भी सावित्री बाई फुले समिति द्वारा एक भव्य एवं पारंपरिक गरबा-डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियों में समिति की अध्यक्षा आस्था पटेल पूरी तन्मयता से जुटी हुई हैं। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं को जीवंत रखना है। आयोजन को लेकर नगर की महिलाओं और बच्चियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में छोटी-छोटी बालिकाओं से लेकर विवाहित महिलाएं तक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। वर्तमान में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या 200 से अधिक हो चुकी है, जो अलग-अलग टोलियों (समूहों) में अपनी प्रस्तुति के लिए अभ्यास कर रही हैं।आयोजन को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए समिति द्वारा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टोलियों को विशेष पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

## कैश वैन चालक की बड़ी लापरवाही सड़क पर रखी फसल से टकराई तेज रफ्तार गाड़ी उछले पत्थर ने दूसरी कार को किया क्षतिग्रस्त

**चंदला।** सोमवार रात करीब 8 बजे राजनगर के पास बिला प्रतापपुरा के पास लवकुश नगर की ओर से आ रही एसबीआई और हिताची कंपनी की एटीएम कैश वैन के चालक की घोर लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने सड़क पर रखी तिल की फसल और पत्थरों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया और वाहन को रोकने के बजाय सीधे उनसे टकरा दिया।

### तेज रफ्तार और लापरवाही ने पहुंचाया भारी नुकसान

चालक की इस गैर-जिम्मेदाराना ड्राइविंग की वजह से टक्कर इतनी जोरदार हुई कि सड़क पर पड़े भारी पत्थर हवा में उछलकर सामने से आ रही दूसरी कार से जा टकराये। इस भीषण प्रभाव के कारण सामने से आ रही निर्दोष कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लॉकन लापरवाही के कारण कार मालिक का भारी आर्थिक नुकसान हो गया।



### हादसे के बाद दबंगई पर उतरा चालक

घटना के बाद भी कैश वैन चालक के रवैये में कोई सुधार नहीं दिखा। मानवीय संवेदना और जिम्मेदारी निभाने के बजाय उसने पीड़ित कार चालक के साथ अभद्रता की और खुलेआम धौंस जमाई। उसने पीड़ित को चुनौती देते हुए कहा, जहाँ शिकायत करनी है कर दो, जो कार्रवाई करानी है करवा लो। चालक के इस संवेदनहीन और गैर-कानूनी रवैये को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है, और पीड़ित द्वारा जिम्मेदार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## बलकट की राशि दिए बिना दबंगों ने काटी किसान की फसल



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमाऊ में किसान की फसल बिना बलकट की राशि दिए काटने और विरोध करने पर मारपीट की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान संजय दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित के अनुसार ग्राम मऊ स्थित करीब 15 बीघा भूमि राजस्व रिकॉर्ड में उसके और भाइयों के नाम दर्ज है। उक्त भूमि मनोज दीक्षित और अखनेश दीक्षित को 60 हजार रुपये में 16 माह के लिए बलकट पर दी गई थी।आरोप है कि अवधि पूरी होने के बाद बलकट की राशि मांगने पर आरोपियों ने भुगतान करने से इनकार कर दिया और लाठी-डंडे लेकर मारपीट की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने खेत से फसल काटकर अपने घर रख ली।पीड़ित का आरोप है कि उसने 9 सितंबर और 5 अक्टूबर को गढ़ीमलहरा थाने में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 6 अक्टूबर को फसल कटाई के दौरान डायल 112 के पहुंचने पर भी आरोपी कथित रूप से लाठियां लेकर विवाद करने को तैयार थे। संजय दीक्षित ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने, कार्रवाई करने तथा फसल अथवा बलकट की राशि दिलाने की मांग की है। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की पुलिस स्तर से पुष्टि होना अभी बाकी है।

## मां बम्बरबैनी पहुंचमार्ग एक साल बाद फिर शुरू, 48 करोड़ का बजट अभी भी इंतजार में

**लवकुशनगर।** 52 पहाड़ियों के बीच विराजमान मां बम्बरबैनी मंदिर के विकास और पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य करीब एक साल बंद रहने के बाद सोमवार से दोबारा शुरू हो गया है। इस मार्ग के पूरा होने के बाद श्रद्धालु और चार पहिया वाहन सीधे मंदिर परिसर तक पहुंच सकेंगे। बुजुर्ग और दिव्यांग भक्तों को माता के दर्शन में बड़ी सुविधा मिलेगी।



### पवित्र क्षेत्र घोषित होने के बावजूद बजट नहीं मिला

राज्य सरकार ने करीब दो वर्ष पहले मां बम्बरबैनी मंदिर सहित आसपास के क्षेत्र को पवित्र क्षेत्र घोषित किया था। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 48 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया जाना था। लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और विशेष बजट के लिए पर्याप्त प्रयास न होने के कारण आज तक यह राशि नहीं मिल पाई है। नतीजतन पवित्र क्षेत्र का विकास बेहद धीमी गति से हो रहा है।

### विधायक और अधिकारी पहुंचे मौके पर

पहुंचमार्ग का काम फिर से शुरू होने पर राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया और नगर परिषद के सहायक यंत्री अमितेश अवस्थी मौका स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह मार्ग पुरानी तहसील से पहाड़ को काटकर बनाया जा रहा था, जो पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा था।

### लागत बढ़कर 1.50 करोड़, सीसी रोड और नाली का निर्माण

विधायक अरविंद पटेरिया के प्रयासों के बाद मार्ग को नया और विस्तारित रूप दिया जा रहा है। पहले इस मार्ग को करीब 82 लाख रुपये की लागत से डब्ल्यूबीएम किया जाना था। अब सीसी रोड के साथ-साथ पहाड़ से आने वाले पानी की निकासी के लिए दोनों ओर नाली का निर्माण भी कराया जाएगा। इन अतिरिक्त कार्यों से मार्ग की कुल लागत लगभग 1.50 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। सीसी रोड के लिए अलग से टेंडर जारी किए जाएंगे।

## लिव-इन और वैवाहिक अनुबंध मामले में जिला अधिवक्ता संघ का फैसला

### छतरपुर जिला न्यायालय से दो अधिवक्ताओं की सेवाएं समाप्त



**छतरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ छतरपुर ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला न्यायालय से उनकी सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया है। जिला अधिवक्ता संघ ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी दी।संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, वरिष्ठ अधिवक्ता इम्तियाज सिद्दीकी के खिलाफ एक जूनियर महिला अधिवक्ता ने दुष्कर्म सहित गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। बताया गया कि इम्तियाज सिद्दीकी और जूनियर अधिवक्ता के बीच लिव-इन रिलेशनशिप में रहने तथा वैवाहिक अनुबंध से संबंधित दस्तावेज तैयार किए गए थे। इन दस्तावेजों की नोटरी अधिवक्ता शकुंतला अहिरवार द्वारा किए जाने की बात जिला अधिवक्ता संघ ने पत्रकार वार्ता में कही।संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक, संबंधित प्रक्रिया जिला अधिवक्ता संघ की अनुमति के बिना किए जाने और मामले की गंभीरता को देखते हुए संघ की बैठक में दोनों अधिवक्ताओं के संबंध में कार्रवाई का निर्णय लिया गया। इसके तहत दोनों अधिवक्ताओं की जिला न्यायालय में सेवाएं समाप्त करने का फैसला लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### बैजला में चला स्वच्छता अभियान, सेवा मेरा योगदान का दिया संदेश



**मऊगंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर विकासखंड नईगढ़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैजला में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि सरपंच राजेश मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मुन्नी प्रसाद चतुर्वेदी एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ममता मिश्रा ने सेवा मेरा योगदान अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और प्रत्येक नागरिक को अपने गांव को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति बैजला के सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन के आस-पास एवं मंदिर परिसर के सार्वजनिक स्थल पर साफ-सफाई कर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया।

### खुद को अधिवक्ता बताकर आरटीआई का जाल बिछाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** खुद को अधिवक्ता बताकर पुलिस और प्रशासनिक तंत्र को गुमराह करने के आरोप में लंबे समय से फरार चल रहे श्याम मिश्रा को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 2025 में धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से बचता रहा। लगातार दबिश और तलाश के बाद पुलिस को मिली सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर आरोप है कि वह वास्तविक अधिवक्ता नहीं होने के बावजूद खुद को वकील बताता था। इसी पहचान का इस्तेमाल करते हुए वह अलग-अलग विभागों में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन लगाने के साथ ही विभिन्न मामलों को लेकर लगातार शिकायतें करता था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि उसने कथित तौर पर फर्जी अधिवक्ता की पहचान का इस्तेमाल किन-किन मामलों में किया और इससे जुड़े कितने लोग या संस्थाएं उसके संपर्क में थीं।

### 3 से 6 फीट की प्रतिमाओं की सबसे ज्यादा मांग, 8-9 अक्टूबर तक मूर्तियों को अंतिम रूप देने का लक्ष्य

# नवरात्र की दस्तक: रीवा में 700 देवी प्रतिमाएं आकार ले रहीं, बड़े पंडालों में सजावट तेज

**रीवा।** नवरात्र पर्व की आहट के साथ ही शहर में देवी आराधना की तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। कहीं रंग-रोगन का काम चल रहा है तो कहीं प्रतिमाओं की सजावट और फिनिशिंग की जा रही है। दूसरी ओर नवदुर्गा उत्सव समितियों ने भी बड़े पंडालों के निर्माण के साथ विद्युत सजावट और झांकियों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के प्रमुख चौराहों से लेकर मोहल्लों तक अब नवरात्र की रौनक नजर आने लगी है। शहर और जिले के अलग-अलग पंडालों के लिए स्थानीय कारीगर करीब 600 से 700 देवी प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। इनमें 3 से 6 फीट की प्रतिमाओं की मांग सबसे ज्यादा है। इनकी कीमत करीब 5 हजार से 15 हजार रुपए तक है। वहीं बड़े आयोजनों के लिए 14 से 15 फीट ऊंची प्रतिमाएं भी तैयार की जा रही हैं। कारीगरों ने प्रतिमाओं को 8-9 अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस बार प्रतिमाओं में भी विविधता देखने को मिल रही है। पारंपरिक मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ शेरों वाली माता, मां काली और देवी के नौ स्वरूपों पर आधारित प्रतिमाएं भी तैयार की जा रही हैं। समितियां अपनी पसंद और पंडाल की थीम के अनुसार प्रतिमाओं का चयन कर रही हैं।मूर्तिकार शुभम चौधरी के मुताबिक मिट्टी के शुरुआती स्वरूप से लेकर प्रतिमा को पूरा आकार देने और अंतिम सजावट तक की प्रक्रिया में करीब तीन से चार महीने लग जाते हैं। प्रतिमा निर्माण का काम उनके परिवार में पीढ़ियों से चला आ रहा है। अभी अधिकांश प्रतिमाओं में रंग-रोगन, फिनिशिंग



और सजावट का काम तेजी से चल रहा है। शहर में मानस भवन परिसर में तीन स्थानों के अलावा खन्ना चौराहा, नगर निगम के सामने, गरड़िया मोड़, जनता कॉलेज, गुढ़ चौराहा, रेलवे स्टेशन के पीछे गोडहर, वेंकट रोड, राज विलास होटल के सामने, पीली कोठी के पास और पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर, रतहरा सहित कई स्थानों पर प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। कारीगरों के पास समितियों के पदाधिकारी और सदस्य प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने पहुंच रहे हैं। कई प्रतिमाओं की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। अब कारीगरों के सामने समय पर प्रतिमाएं तैयार कर उन्हें पंडालों तक पहुंचाने की चुनौती है।

#### शहर में जगह-जगह बन रहे भव्य पंडाल

देवी प्रतिमाओं के साथ इस बार शहर में पंडालों की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। खन्ना चौराहा, गोल पार्क, फोर्ट रोड, सिरमौर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने और स्टेडियम के सामने बड़े पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा नेहरू नगर, अरुण नगर, अनंतपुर, नीम चौराहा, करहिया, ढेकहा और पद्मधर कॉलोनी सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों और बाहरी क्षेत्रों में भी समितियां पंडाल तैयार कर रही हैं।कई समितियों ने इस बार पंडालों को अलग-अलग थीम पर सजाने



की तैयारी की है। विद्युत रोशनी के साथ आकर्षक सजावट, धार्मिक झांकियां और विशेष थीम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

#### गरबा पंडालों में सुरक्षा पर रहेगी विशेष नजर

नवरात्र के दौरान होने वाले गरबा आयोजनों को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। भारत रक्षा मंच ने गरबा पंडालों में सुरक्षा और सांस्कृतिक मर्यादा बनाए रखने के लिए विशेष टोलियां तैयार करने का निर्णय लिया है।0ये टोलियां आयोजन समितियों के साथ समन्वय कर पंडालों में निगरानी रखेंगी। खासतौर पर महिलाओं की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों के प्रवेश और आयोजन स्थल पर अनुशासन पर नजर रखी जाएगी।

#### नवरात्र से पहले शहर का बदला माहौल

नवरात्र शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में देवी प्रतिमाओं की तैयारियों के साथ बाजारों में भी पूजा सामग्री और सजावटी सामान की मांग बढ़ने लगी है। पंडालों में चल रही तैयारियों और रात तक चल रहे सजावट के काम से शहर का माहौल धीरे-धीरे उत्सवी रंग में रंगने लगा है। आने वाले दिनों में प्रतिमाओं की स्थापना और पंडालों की रोशनी के साथ शहर में नवरात्र की रौनक और बढ़ेगी।

## कॉलेज चौराहा रोटरी निर्माण के चलते बदली यातायात व्यवस्था, वैकल्पिक मार्गों से निकलेंगे वाहन



**रीवा।** शहर के प्रमुख कॉलेज चौराहा रोटरी के सुधार कार्य के चलते यहां से वाहनों का आवागमन प्रभावित रहेगा। निर्माण कार्य के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने वाहनों के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। निर्माण कार्य पूरा होने तक वाहन चालकों को कॉलेज चौराहा मार्ग के बजाय निर्धारित डायवर्सन का उपयोग करना होगा। यातायात पुलिस के अनुसार पुराने बस स्टैंड से नए बस स्टैंड की ओर जाने वाली बसें गुप्ता पेट्रोल पंप से लाडली लक्ष्मी मार्ग होते हुए नीम चौराहा, बाईपास और सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर के रास्ते नए बस स्टैंड पहुंच सकेंगी। इसी तरह नए बस स्टैंड से पुराने बस स्टैंड और सतना की ओर आने वाली बसें एवं अन्य वाहन सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर से बाईपास होते हुए लाडली लक्ष्मी मार्ग का उपयोग करेंगे। इसके बाद गुप्ता पेट्रोल पंप के पास से पुराने बस स्टैंड की ओर पहुंच सकेंगे। कॉलेज चौराहा मार्ग बंद रहने के दौरान शहर के चार पहिया वाहनों और ऑटो के लिए रसिया मोहल्ला, ताला हाउस मार्ग होते हुए मार्तंड तिराहा जाने का मार्ग निर्धारित किया गया है। सिरमौर चौराहा से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन चालक सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर से नीम चौराहा होते हुए लाडली लक्ष्मी मार्ग अथवा करहिया-ढेकहा मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि कॉलेज चौराहा की ओर जाने के बजाय इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें, ताकि निर्माण स्थल पर अनावश्यक जाम की स्थिति न बने।

#### सतना-प्रयागराज रूट की बसें बाईपास से चलेंगी

सतना से प्रयागराज और प्रयागराज से सतना की ओर चलने वाली बसों को शहर के अंदर प्रवेश करने के बजाय बाईपास मार्ग का उपयोग करना होगा। यातायात पुलिस ने संबंधित बस संचालकों और वाहन चालकों से निर्धारित मार्ग का पालन करने की अपील की है। यातायात पुलिस रीवा ने आमजन से अपील की है कि कॉलेज चौराहा रोटरी का निर्माण कार्य पूरा होने तक इस मार्ग से आवागमन से बचें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के युवा इन्फ्लुएंसर्स की टीम पहुंची रीवा

**रीवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत झारखंड के युवा इन्फ्लुएंसर्स की एक टीम अपनी चार दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास यात्रा पर है। यह टीम इंदौर से अपनी यात्रा प्रारंभ कर उज्जैन, भोपाल, जबलपुर होते हुए आज रीवा पहुंची।इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में हुए विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर देखना और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विकसित भारत की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है। मंगलवार को रीवा स्थित हेरिटेज होटल में भाजपा नेता गौरव तिवारी ने उक्त टीम का स्वागत किया। इस दौरान भारत और मध्यप्रदेश के विकास कार्यों, विंध्य क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विकास और भविष्य की संभावनाओं को लेकर युवा इन्फ्लुएंसर्स के साथ विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान इन्फ्लुएंसर्स की टीम मुकुंदपुर सफारी , सोलर प्लांट और टनल गुढ़ का भ्रमण किया। यह यात्रा युवाओं को विकास की वास्तविक तस्वीर से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है, जहाँ युवा स्वयं विकास के साक्षी बनकर उसकी कहानी देश के सामने रख रहे हैं। इस यात्रा का समन्वय झारखंड भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित सिंह तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरनाथ चौधरी द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार मध्यप्रदेश के इन्फ्लुएंसर्स की एक टीम भी हाल ही में झारखंड का भ्रमण कर लौटी है, जिसने झारखंड में हो रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया।

### उप मुख्यमंत्री ने किया संजय गांधी अस्पताल परिसर का निरीक्षण



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने संजय गांधी अस्पताल रीवा में निर्माणाधीन विभिन्न भवनों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बन रहे 750 बेड वाले अत्याधुनिक मैटरनिटी अस्पताल और 300 बेड वाले सर्वसुविधायुक्त कैंसर अस्पताल भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित निर्माण एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे से जुड़ी इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि विंध्य क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इन उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 750 बेड के मैटरनिटी अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार आएगा और गर्भवतियों व नवजात शिशुओं को एक ही छत के नीचे बेहतर देखभाल मिल सकेगी। वहीं 300 बेड का कैंसर अस्पताल स्थापित होने से कैंसर के मरीजों को प्रारंभिक जांच और उन्नत इलाज के लिए भोपाल, इंदौर या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक तकनीक उपलब्ध होने से कैंसर की सटीक पहचान और उपचार संभव होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, निर्माण विभाग के इंजीनियर्स एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### देश की एकता और अखंडता के लिए भारत का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप मजबूत होना बेहद जरूरी: अजय खरे

**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि देश की एकता और अखंडता के लिए भारत का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप मजबूत होना बहुत जरूरी है। सामाजिक सद्भाव के बिना भारत के विकास की बातें महज दिखावा और बेईमानी है। भारत के संविधान की प्रस्तावना को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मिहिजाम, झारखंड एवं सासाराम, बिहार में समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की पुण्यतिथि के कार्यक्रमों में शामिल होकर वापस लौटने पर श्री खरे ने कहा कि वर्तमान समय में देश को सबसे बड़ा खतरा सांप्रदायिकता से है।

## जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित व प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए 405 आवेदकों ने अपनी शिकायतें और मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में ग्राम करमई निवासी शिव कुमार द्विवेदी ने नामांतरण संबंधी आवेदन दिया। आवेदन में तहसीलदार सेमरिया को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम बरहा-सेमरिया निवासी अल्का द्विवेदी ने बाढ़ से घर में हुए नुकसान पर आर्थिक सहायता दिलाए जाने का अनुरोध किया। बीड़ा सेमरिया निवासी जगदीश पटेल ने पट्टा दिलाने, बकिया तिराहा सेमरिया निवासी संगीता सिंह ने अवैध कब्जा हटवाए जाने, जुड़वानी निवासी वीरेन्द्र सिंह ने आर्थिक सहायता दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। प्रभारी कलेक्टर ने आवेदनों में कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में बदरांव निवासी श्यामलाल कोल ने सीमांकन कराने, हर्दीशंकर गोविंदगढ़ निवासी विजयभान सिंह ने अतिक्रमण हटाने, अगडाल निवासी भाईलाल कोल ने भूमि अधिग्रहण के संबंध में, सिलपरा निवासी वंदना विश्वकर्मा ने रास्ता दिलाने, नारायण प्रसाद खरे ने नाम सुधार कराने, कनौजा निवासी लक्ष्मण प्रसाद साकेत ने रजिसट्री में आधार सीडिंग एवं केवाईसी में नाम दर्ज कराने खम्हरिया निवासी जयराम कोल ने सीमांकन कराने तथा ग्राम पंचायत गंगहरा के ग्रामीणों ने नलजल योजना के तहत पाइप लाइन के लिए जमीन उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। प्रभारी कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कैंसर पीड़ित पति और बच्चों को लेकर जनसुनवाई में पहुंची पत्नी

जनसुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था के सामने परिवार की बेबसी की तस्वीर रख दी। कैंसर से पीड़ित पति और बच्चों को लेकर एक महिला अपने घर-गृहस्थी का सामान साथ में लेकर जनसुनवाई में पहुंची। महिला का आरोप है कि बड़े भाई के परिवार द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने के कारण उनका परिवार घर से बेघर होने की कगार पर पहुंच गया है। पति के साथ मारपीट से परेशान होकर वह पहले छत से भी कूद चुके हैं। महिला का दावा है कि मामले की कई बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित की पत्नी राजकुमारी चतुर्वेदी ने बताया कि उनका परिवार गुढ़ थाना क्षेत्र के महसाव गांव में रहता है। यह उनका पुश्तैनी घर है। आरोप है कि बड़े भाई की पत्नी और उनके बच्चे परिवार को घर से निकालने के लिए लगातार विवाद और मारपीट करते हैं। महिला के मुताबिक उनके पति संदीप चतुर्वेदी कैंसर से पीड़ित हैं और उनकी हालत पहले से ही गंभीर है। इसके बावजूद उनके साथ मारपीट की जाती है। राजकुमारी का आरोप है कि लगातार होने वाले विवाद और मारपीट से उनके पति मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद परेशान हैं। इसी प्रताड़ना के बीच वह एक बार छत से कूद चुके हैं। महिला का कहना है कि पति की बीमारी के बावजूद परिवार को राहत नहीं मिल रही है। घर में रहने को लेकर आए दिन विवाद किया जाता है और उन्हें बाहर निकालने का दबाव बनाया जाता है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में गुढ़ थाने में कई बार शिकायत और आवेदन दिए। इसके बावजूद विवाद थमने के बजाय बढ़ता गया। महिला का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी उनके परिवार के साथ मारपीट का सिलसिला जारी रहा। अब स्थिति ऐसी बन गई है कि परिवार को घर छोड़कर प्रशासन के दरवाजे पर पहुंचना पड़ा जनसुनवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने बीमार संदीप चतुर्वेदी और उनकी पत्नी से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी। पीड़ित परिवार का कहना है कि महसाव में उनका पुश्तैनी मकान है और वे अपना घर छोड़ना नहीं चाहते। उनका आरोप है कि बड़े भाई का परिवार उन्हें घर से बाहर करने के लिए लगातार परेशान कर रहा है। बीमारी से जूझ रहे संदीप की हालत लगातार खराब हो रही है।

# मऊगंज-कटरा मार्ग बना घटना जोन: पुल नहीं मौत के ब्रेकर, उछल-उछल कर चल रहे वाहन

### निर्माण से मेंटेनेंस तक घोर लापरवाही, 45 किमी में सैकड़ों जगह उखड़ी सड़क, हादसे बढ़े जिम्मेदार विभाग बेखबर

**मऊगंज।** जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली मऊगंज-कटरा सड़क की दुर्दशा ने शासन की विकास योजनाओं की पोल खोल दी है। रीवा-बनारस नेशनल हाईवे के बाद जिले का सबसे व्यस्ततम 45 किलोमीटर लंबा मार्ग जो छत्तीसगढ़ के रायपुर, सीधी होते हुए प्रयागराज को जोड़ता है, निर्माण कार्य से लेकर मेंटेनेंस तक प्राक्कलन की घोर अनदेखी का शिकार हो गया है। करोड़ों रुपये की लागत से बना यह मार्ग आज जगह-जगह उखड़ा पड़ा है और दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।जानकारी के अनुसार इस मार्ग का निर्माण करीब आधा दशक पूर्व कराया गया था। करीब 10 माह पूर्व विभाग द्वारा मेंटेनेंस कार्य कराया गया, लेकिन मेंटेनेंस के बाद सड़क की स्थिति और बदतर हो गई। जमीनी हकीकत यह है कि मेंटेनेंस से पहले सड़क चलने लायक थी, लेकिन तथाकथित अनियमितता बरतते हुए कराए गए कार्य के



बाद 45 किमी के दायरे में सैकड़ों जगह डामर उखड़ गया है, गिट्टियां निकल आई हैं। इससे यह मार्ग अब मऊगंज-रीवा जिले में एक्सीडेंट पॉइंट के नाम से जाना जाने लगा है।

#### पुलों पर मौत के ब्रेकर

सबसे खतरनाक स्थिति पुलों के पास है। तकनीकी मापदंडों के अनुसार निर्माण न होने से पुलों के ज्वाइंट पर ब्रेकर जैसे गड्ढे बन गए हैं। तेज गति से गुजरने वाले वाहन अचानक उछल जाते हैं, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते सड़क समय से पहले ही जर्जर हो गई। लोगों ने कहा खराब सड़क के सुधार हेतु दर्जनों बार शिकायत किया गया लेकिन विभाग द्वारा आज तक सड़क का मेंटेनेंस नहीं कराया गया जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है।

#### जनहित में प्रशासन से मांग

खराब मार्ग के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई लोग घायल हो रहे हैं और वाहनों को भारी क्षति पहुंच रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ने आज तक न तो जांच की और न ही सुधार की पहल की। जनहित को देखते हुए स्थानीय नागरिकों, किसान संगठनों और वाहन मालिकों ने जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे निर्माण और मेंटेनेंस कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, प्राक्कलन के अनुसार उच्च गुणवत्ता की सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि शासन के करोड़ों रुपये का दुरुपयोग रोका जा सके और आमजन को सुरक्षित यात्रा मिल सके।